प्रीलिम्स फैक्ट्स: 16 मार्च, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-16-03-2019

नवाचार और उद्यमिता उत्सव-2019 (Festival of Innovation and Entrepreneurship-FINE)

नवाचार और उद्यमिता उत्सव-2019 (FINE) राष्ट्रपति कार्यालय की एक अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य ज़मीनी स्तर के नवाचारों को मान्यता देना, उन्हें सम्मानित तथा पुरस्कृत करना और सहायक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है।

- यह रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता का महोत्सव है जिसकी शुरुआत 2015 में की गई थी।
- नवाचार और उद्यमिता उत्सव (FINE) को पहले नवाचार उत्सव (Festival of Innovation-FOIN) के रूप में जाना जाता था।
- 2018 तक यह उत्सव राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाता था। किंतु इस वर्ष इसे गुजरात के गांधीनगर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।
- इसका आयोजन नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (NIF) तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा किया गया है।
- आयोजन के दौरान 10वें द्विवार्षिक नेशनल ग्रासरूट इनोवेशन पुरस्कार का भी वितरण किया गया।

नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (NIF)

- भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की सहायता से वर्ष 2000 में नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (NIF) की स्थापना की गई थी।
- नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन ने देश में ज़मीनी स्तर पर तकनीकी नवाचारों और उत्कृष्ट पारंपरिक ज्ञान को मज़बूत करने में योगदान दिया है।
- NIF ने देश भर से विचारों, नवाचारों और पारंपरिक ज्ञान का एक विशाल डेटाबेस तैयार किया है।

AFINDEX-19

भारत और 16 अफ्रीकी देशों के बीच 10 दिवसीय अफ्रीका-भारत संयुक्त क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास (Africa-India Joint Field Training Exercise-AFINDEX) पुणे में आयोजित किया जाएगा।

- गौरतलब है कि यह अभ्यास पुणे के औंध मिलिट्री स्टेशन (Aundh Military Station) और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (College of Military Engineering) में 18 से 27 मार्च, 2019 तक चलेगा।
- यह संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास भारत और एक दर्जन से अधिक अफ्रीकी देशों के बीच किया जाएगा। इसका उद्देश्य मानवीय मूल्यों को बढ़ाना और संयुक्त शांति अभियानों को गति देना है।

- AFINDEX-19 अफ्रीकी महाद्वीप के सदस्य राष्ट्रों के साथ बढ़ते राजनीतिक और सैन्य संबंधों की दिशा में एक सकारात्मक कदम है और इससे इन देशों के साथ पहले से ही मज़बूत रणनीतिक सहयोग को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

योनो कैश

भारतीय स्टेट बैंक ने देश भर में 16,500 से अधिक एसबीआई एटीएम से कैशलेस निकासी के लिये 'योनो कैश' (YONO Cash) एप लॉन्च किया।

- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के ग्राहक अब बिना कार्ड का इस्तेमाल किये एटीएम से कैश निकाल सकेंगे।
- देश में बिना कार्ड के रुपए निकालने की सुविधा देने वाला SBI पहला बैंक है।
- डेबिट कार्ड द्वारा कैश निकालने में होने वाले फ्रॉड को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।
- 'योनो कैश' एप उपयोगकर्त्ताओं को डेबिट कार्ड के बिना नकदी निकालने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- इसका उद्देश्य YONO कैश एप के माध्यम से अगले दो वर्षों में पूरे लेनदेन तंत्र को एक मंच के तहत एकीकृत करना है।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

15 मार्च को प्रत्येक वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस (World Consumer Rights Day) के रूप में मनाया जाता हैं।

- यह उपभोक्ता अधिकारों और ज़रूरतों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है।
- इस दिन को मनाने का उद्देश्य सभी उपभोक्ताओं के अधिकारों का सम्मान, उनके हितों की रक्षा करना और साथ ही सामाजिक अन्याय, जो उन अधिकारों को कमज़ोर करता है, के खिलाफ विरोध प्रदर्शित करना है।
- इसकी घोषणा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ़ केनेडी द्वारा की गई थी, जिसमें उपभोक्ताओं के चार मूलभूत अधिकार बताए गए हैं-

♦ सुरक्षा का अधिकार
♦ सूचना पाने का अधिकार
♦ चुनने का अधिकार
♦ सुने जाने का अधिकार

इस वर्ष इसकी थीम **'Trusted Smart Products' (ट्रस्टेड स्मार्ट प्रोडक्ट्स) है ।**